ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि0 (कोल इंडिया लि0 की नियंत्रित कम्पनी) के अधिकारियों/कार्यवाहकों हेतु वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में दिनांक 05 सितम्बर से 09 सितम्बर, 2011 तक ''खनन क्षेत्रों का पारिस्थितिकीय पुनर्स्थापन'' पर आधारित एक सप्ताह का अल्पकालिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जिसका समापन आज 09 सितम्बर, 2011 को हुआ। इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कोयला क्षेत्रों के पुनर्स्थापन में प्राप्त परिमाणों के बारे में प्रतिभागियों को संयुक्त करना है। पूर्व में आयोजित दो प्रशिक्षणों के आधार पर यह तीसरा प्रशिक्षण कार्यक्रम था।

इस पाठ्यक्रम में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि0 (कोल इंडिया लि0 की नियंत्रित कम्पनी) के 11 प्रतिभागी प्रशिक्षित किए गए व इस प्रषिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 वी.आर.आर.सिंह, भा.व.से., प्रमुख, वन संवर्धन प्रभाग, वन अनुसंधान संस्थान ने प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट वितरित किए।

कार्यक्रम के अंत में डॉ0 मृदुला नेगी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर वन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डा0 लक्ष्मी रावत, प्रमुख, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण प्रभाग डा0 एच.एस0 वशिष्ठ, पाठ्यक्रम निदेशक, एवं डॉ0 प्रमोद कुमार आदि भी उपस्थित थे।